प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 07.10.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-मु0अ0सं0 613/2024 धारा 191(2),109,74,115(2),352,351(3) BNS से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

घटना के बारे में उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.10.2024 को रात्रि लगभग 9 बजे ग्राम खानपुर शाहसलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही 8 से 10 लोगों द्वारा एक घर में घुसकर मारपीट/छेड़खानी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा रात्रि में ही थाना स्थानीय पर लिखित सूचना देकर बताया गया कि गाँव के ही 01.चाँदअली,02.रोशनअली,03.शाहआलम पुत्रगण मोहम्मद हनीफ 04.सुधांशु यादव उर्फ लालू यादव पुत्र मयाराम 05.डब्लू यादव उर्फ अंश यादव पुत्र दयाराम 06.सलमान पुत्र इजेदार व 3 अज्ञात लोगों के द्वारा जमीन को लेकर पुरानी रंजिश में घर में घुसकर प्रार्थिनी के साथ छेड़खानी करते हुए उसके व परिवार के लोगों के साथ मारपीट करने लगे। हल्ला गुहार करने पर गाँव के लोगों के इकट्ठे होने पर उक्त आरोपी अपनी कार फार्चुनर(UP 32 HR 5200) छोड़कर भाग गए। जिसे पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर सीज किया गया। तहरीर के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-613/2024 धारा 191(2),109,74,115(2),352,351(3) BNS बनाम चाँदमियां पुत्र हनीफ आदि 6 नामजद व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा पुलिस टीम गठित कर अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में पुलिस द्वारा नामजद आरोपी अभियुक्त 01. सुधांशु यादव उर्फ लालू यादव पुत्र मयाराम 02. डब्लू यादव उर्फ अंश यादव पुत्र दयाराम निवासीगण खानपुर शाहसलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर व प्रकाश में आये एक अन्य अभियुक्त 03. गोविन्द यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी बिहरोजपुर सूरापुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर को दिनांक 07.10.2024 को समय करीब 14.15 बजे न्योतरिया बाईपास से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

विवरण पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-613/2024 धारा 191(2),109,74,115(2),352,351(3) BNS थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण-

01.सुधांशु यादव उर्फ लालू यादव पुत्र मयाराम

02. डब्लू यादव उर्फ अंश यादव पुत्र दयाराम निवासीगण खानपुर शाहसलेमपुर खपुरा थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

03. गोविन्द यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी पिहरोजपुर सूरापुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम –

01.उ0नि0 राहुल पाण्डेय

02.हे0का0 कृपाशंकर

03.हे0का0 मुकेश कुमार

04.का0 उपेन्द्र यादव